तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 अहिल्या बाई की जयंती पर स्वच्छता दीदियों का सम्मान



12 साडा कार्यकाल में रियायती दर पर प्लाट खरीदी पर ...



## खबर संक्षेप

### बाड़ी बिल्डिंग चयन स्पर्धा के लिए 3 जज आमंत्रित



**बेमेतरा।** 57 वी ऐशियन बाड़ी बिल्डिंग एंड फीजिक्स स्पोर्ट चैम्पियनशीप 2025 एवं 16 वर्ल्ड बाड़ी बिल्डिंग एंड फीजिक्स स्पोर्ट चैम्पियनशीप 2025 के भारतीय टीम के चयन हेतु इंडियन बाड़ी बिल्डिरस फेडरेशन ने चयन प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश से तीन अंतर्राष्ट्रीय जज अरविंद सिंग भिलाई, महेन्द्र कुमार तेकाम बेमेतरा तथा बी. राजशेखर राव रेल्वे को आमंत्रित किया गया है। चयन प्रतियोगिता 02.जून से 03 जून तक सिल्विर प्लेस बेनक्यूट एंड लावंस पुने (महाराष्ट्र) में आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश बाडी बिल्डिंरस एसोसियेशन के तीन अंतर्राष्ट्रीय जजों में बेमेतरा के  महेन्द्र कुमार टेकाम बेमेतरा लिए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बाड़ी बिल्डिंरस एसोसियेशन के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### ग्राम पंचायत बहेरा में समाधान शिविर आज

**बेमेतरा।** जिले में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से किया गया । 31 से बेमेतरा विकासखंड का अंतिम समाधान शिविर ग्राम पंचायत बहेरा (कारे) के हाई स्कूल, परिसर में आयोजित होगा। इस कलस्टर बहेरा (का) सहित 10 ग्राम पंचायत केवाछी, सिरवाबांधा, भुरकी, गांगपुर ब, लोलेसरा, बैजी, चारभाठा, ढोलिया शामिल है। बेमेतरा विकासखंड की बात करें तो इसमें 5 मई से कल 31 मई सहित 10 समाधान शिविर आयोजित किए गए। इन 10 शिविरों में 108 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने अपने-अपने आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की।

### युवाओं को मिला रोजगार का अवसर दर्जनों अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**बेमेतरा।** जिले शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में शुक्रवार सिस्कॉल (स्टील इंफ़्रा सलूशन पीवीटी एकटीडी) कंपनी द्वारा तकनीशियन व्यवसाय के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में संस्था के विद्युतकार, फिटर और वेल्डर व्यवसाय के उत्तीर्ण अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 15 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षार्थियों को अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात सिस्कॉल कंपनी में जॉइनिंग दी जाएगी। इस पहल से तकनीकी छात्रों को उद्योग क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और उन्हें व्यावसायिक अनुभव भी प्राप्त होगा। संस्था द्वारा इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर कर छात्रों को प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान आज

**बेमेतरा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के तौर पर 31 मई को जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में विशेष अभियान चलाकर तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों, कोटपा एक्ट 2003 एवं ई-सिगरेट एक्ट 2019 के प्रभावकारी अनुपालन एवं वैकल्पिक रोजगार के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बेमेतरा सहित जिले के सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों विकासखण्ड बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ एवं साजा को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि अधीनस्थ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को मनाना सुनिश्चित करें। जहां नशामुक्ति हेतु प्रशिक्षित दन्त चिकित्सक / काउंसलर उपलब्ध हैं, वहां विशेष कैंप लगाकर तम्बाकू सेवन शेष पेज 12 पर

# नशा मुक्ति प्रशिक्षण कार्यशाला रायपुर में बेमेतरा की प्रस्तुति ने किया लाजवाब

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त डाइट एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के सदस्यों के क्षमता विकास हेतु पदार्थों के दुष्प्रभाव व नशा मुक्त समाज के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर में किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नईदिल्ली तथा संचालक, एससीईआरटी छ ग रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले से भाग लेने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू ने सहभागिता दी और अपना सुंदर प्रस्तुतीकरण से बेमेतरा जिले का एक अलग छवि बनाई। कार्यक्रम की संयोजक प्रीति सिंग ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और रूपरेखा बताते हुए बच्चों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति सजग होने के उपायों पर अमल करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में नारकोटिक्स विभाग, छ ग रायपुर, स्वास्थ्य विभाग, छ ग, रायपुर, एसपीवाईएम, यूनिसेफ के स्रोत व्यक्तियों द्वारा नशा मुक्त समाज अभियान के तहत राज्य के शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न डाइट के 40 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। युवा एवं जनसमुदाय संवर्धन सोसायटी नई दिल्ली (SPYM) के रिसोर्स पर्सन मनीष कुमार ने कहा कि शेष पेज 12 पर

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के वरिष्ठ व्याख्यातों ने सहभागिता रही उल्लेखनीय



### विद्यार्थियों को किया जागरूक दिया मार्गदर्शन

प्रशिक्षण में एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जे पी रथ ने पदार्थों के दुष्प्रभाव के परिणाम स्वरूप व्यक्तियों, बच्चों के समाज में खो जाने एवं कर्तव्यों से खो जाने पर चिंता व्यक्त की एवं शिक्षक प्रशिक्षकों को विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि नशाखोरी एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने कहा कि हमें तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का निर्माण करना है। इसके लिए शिक्षकों में बहुत ज्यादा जागरूकता की आवश्यकता है। ताकि वे अपने बच्चों को प्रेरित कर सके। जिस तरह से हम अपने बच्चों के लिए नशापान की विरुद्ध जागरूक रहते हैं। उसी तरह से हमें विद्यालय के बच्चों के लिए भी जागरुक रहने की आवश्यकता है। उक्त कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक रायपुर अनामिका जैन, स्वास्थ्य विभाग से डॉ शैलेन्द्र सिंह, विलेश राव, एसपीवाईएम से (युवा एवं जनसमुदाय संवर्धन सोसायटी) मनीष कुमार, बिलाल अहमद, राज्य साक्षरता मिशन के सहायक संचालक प्रशांत पांडेय, यूनिसेफ से छाया कुंवर, चेतना, रमेश, एससीईआरटी छ ग रायपुर से डॉ सीमा श्रीवास्तव, हेमंत साव, डेकेश्वर वर्मा सहित 40 प्रतिभागी उपस्थित थे।

## 7687 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7666 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया

# 5वीं-8वीं एवं 10वीं-12वीं के टापर्स का गुधेली समाधान शिविर में किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

- किसान किताब, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मछली जाल और बैंक पासबुक आदि का वितरण

छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बेरला जनपद के ग्राम गुधेली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू रहे, जिनकी उपस्थिति ने शिविर की गरिमा और प्रभावशीलता को नई ऊंचाई प्रदान की। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और ग्रामीण नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है । इस अवसर पर 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### 14 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों की भागीदारी

ग्राम गुधेली क्लस्टर की 14 ग्राम पंचायतों मे गुधेली, बोरसी, गोंडगिरी, खमतराई, गाड़ामोड़, खंगारपाठ, कोहडिया, कंडरका, खुडमुड़ी, बेरलाकला, भालेसर, लाटा, उफरा, हरदी के ग्रामीणों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 7687 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7666 आवेदनों का त्वरित निराकरण कर प्रशासन ने अपनी संवेदनशीलता और सक्रियता का परिचय दिया।



### विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरित

शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को किसान किताब, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मछली जाल, और बैंक पासबुक आदि का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा /"नोनी सुरक्षा योजना/" और /"प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना/" के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सुकन्या समृद्धि योजना/" के अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक प्रदान की गई। इस अवसर पर अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन भी किया गया और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान की गईं। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी साझा की, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं से सीधा जुड़ने का अवसर मिला।

### शिविर में पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शिविर के समापन पर विधायक दीपेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया और आम नागरिकों से अधिक संख्या में पौधरोपण कर जल संवर्धन एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने की अपील की। विधायक दीपेश साहू ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पहली बार इस तरह के समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि शासन की योजनाएं हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जो वर्षों से लंबित थे। महिलाओं को "महतारी वंदन योजना" के तहत 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10,000 वार्षिक सहायता और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 6000 वार्षिक सहायता दी जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा, बेरला जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया, पोषण वर्मा, यशवंत वर्मा, सभी 14 ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जून से नई सुविधा, मोबाइल एप पर चेहरा दिखाते ही हो जाएगा कार्ड धारक का ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

- फर्जी वितरण रोकने का नया प्रयास

उचित मूल्य दुकान के राशन कार्ड धारको अब ई-केवाईसी कराने के लिए के लिए राशन दुकान में जाकर पॉश मशीन में आधार को मशीन से लिंक करने के लिए उंगली का फिंगर स्कैनिंग करना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है । ई केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अब राज्य में भी मोबाइल फेस एप्लीकेशन एप लांच होने जा रहा है । इस ऐप से कार्ड धारक घर बैठे 2 मिनट के अंदर अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर ऐप डाउनलोड कर आसानी से अपना केवाईसी कर सकता है। इस प्रक्रिया के दौरान फेस स्कैन होती ही केवाईसी हो जाएगा ।गूगल से पहले, मेरा केवाईसी और आधार फेस आईडी ऐप डाउनलोड करना होगा, एप के खुलने पर अपना राज्य चुनना होगा ,इसके बाद वेरीफाई लोकेशन का ऑप्शन आएगा ,इस पर क्लिक करने के बाद अपना आधार नंबर इंटर करना है, इसके बाद ओटीपी नंबर आएगा फिर ओटीपी और कैप्स कोड डालते ही क्लिक करने पर आपका स्क्रीन में डिटेल आ जाएगा इसके बाद नीचे फेस ई केवाईसी का बटन पर क्लिक करना है इसे क्लिक करते ही मोबाइल का कैमरा ऑन हो जाएगा जिस पर खुद का चेहरा दिखाते ही केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### अन्य राज्य में शुरू हो चुका है अब होने जा रहा छत्तीसगढ़ में

केंद्र सरकार ने केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सभी राज्यों को तीन ऑप्शन दे रखें किसके लिए फिंगर स्कैन, रेटिना स्कैन एवं तीसरा ऑप्शन फेस स्कैन इन तीनों ऑप्शन में छत्तीसगढ़ के जिलों के राशन दुकानों में फिंगर स्कैन का उपयोग किया जा रहा है । रेटिना ऑप्शन के भी कहीं-कहीं उपयोग में लिए जाने की खबरें हैं ।हालांकि फेस स्कैन ऑप्शन को जून से शुरू किए जाने की तैयारी की जारी है ।

**केवाईसी के बगैर राशन नहीं :** भारत सरकार ने राशन कार्ड सदस्यों को केवाईसी करना अनिवार्य किया है केवाईसी नहीं करने वाली सदस्यों को राशन दुकान से खाद्यान्न नहीं मिल पाएगा। बताया जा रहा है कि केवाईसी करने की अंतिम तारीख 31 मई है ,लेकिन इसे राज्य में फिर से आग बढ़वाया जा सकता है । इससे पहले भी केवाईसी की तारीख अनेक बार आगे बढ़ चुकी है। संभावना है कि फेस एप के आने के बाद 31 दिसंबर तक के लिए केवाईसी की तारीख आगे बढ़ सकती है ।

# लोस अध्यक्ष बिरला के साथ सांसद बघेल तीन जून से विदेश प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अध्यक्षता में 11 वे ब्रिक्स संसदीय फोरम में 6 संसदीय सदस्य मंडल में क्षेत्र के लोकसभा सांसद विजय बघेल को भारत का प्रनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ, उक्त ब्रिक्स संसदीय फोरम ब्रासीलिया, ब्राजील में आयोजित होने वाला है यह प्रतिष्ठित फोरम 3 जून से 5 जून तक चलेगा और इसमें ब्रिक्स देशों के सांसद वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे ।संसद विजय बघेल संसद की विदेश मन्त्रालय की स्थाई समिति के सदस्य है लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने अपनी अध्यक्षता में सांसद बघेल को उक्त बहु प्रतिष्ठित ब्रिक्स संसदीय फोरम के दल में स्थान दिया।

श्री बघेल 1 जून दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू करेंगे, दुबई और साओ पाउलो होते हुए ब्रासीलिया पहुंचेंगे उनका आगमन 2 जून को ब्रासीलिया में होगा । फोरम का एजेंडा व्यापक है, जिसमें कई महत्वपूर्ण कार्यसत्र शामिल हैं। 3 जून को, श्री बघेल ब्रिक्स महिला सांसदों की बैठक और ब्रिक्स संसदों की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समितियों के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे । इन सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में महिलाओं, जलवायु संकट का सामना करने के लिए महिला सशक्तिकरण, और ब्रिक्स 2025 एजेंडा में महिला सांसदों की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी । 4 जून को, फोरम का आधिकारिक उद्घाटन समारोह होगा, जिसके बाद 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ब्रिक्स अंतर-संसदीय गठबंधन' और 'आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स संसदीय कार्रवाई' जैसे विषयों पर कार्यसत्र आयोजित किए जाएंगे । 5 जून को, चर्चाएं 'जलवायु और स्थिरता पर ब्रिक्स अंतर-संसदीय संवाद', 'जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर-संसदीय सहयोग', और 'बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा वास्तुकला के सुधार के लिए ब्रिक्स संसदें एकजुट' पर केंद्रित होंगी । फोरम का समापन 'मजबूत और अधिक टिकाऊ ब्रिक्स अंतर-संसदीय सहयोग की ओर' एक कार्यसत्र के साथ होगा, जिसके बाद अंतिम दस्तावेज़ को अपनाया जाएगा और समापन टिप्पणी की जाएगी ।

यह भागीदारी वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है और ब्रिक्स देशों के बीच संसदीय सहयोग को बढ़ावा देने में श्री बघेल की सक्रिय भूमिका को दर्शाती है। उक्त फोरम की अध्यक्षता ओम बिरला अध्यक्ष लोकसभा एवं सदस्य के रूप में हरीवंश उपसभापति राज्यसभा, सुरेन्द्र सिंह नागर सांसद राज्यसभा, विवेक ठाकुर सांसद लोकसभा, डॉ. साहबारी बायरेड्डी सांसद लोकसभा, उत्पल कुमार सिंह महासचिव लोकसभा एवं पी सी मोदी महासचिव राज्यसभा ब्रिक्स पार्लियमेंन्ट्री ब्रासीलिया, ब्राजील में शामिल होंगे।

# 12वीं की मेधावी श्रेया का किया गया सम्मान



**बेमेतरा।** सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा आज शुक्रवार को भवानी होटल, बेमेतरा में सामाजिक गौरव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आत्मानंद राठी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा श्रेया तिवारी पिता रविंद्र तिवारी (कोबीया) को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की प्रेरणा दी। समारोह में अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# मुर्गी दाना के दुर्गंध से त्रस्त ग्रामीणों ने विधायक दीपेश को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

- जल्द होगा समस्या का समाधान, जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोपरि : विधायक

ग्राम चोरभट्टी के ग्रामीणों ने विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौंपते हुए गांव के पास संचालित मुर्गी दाना (कृमि पालन) यूनिट से फैल रही गंभीर दुर्गंध और स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की शिकायत को लेकर विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौपा है I ग्रामीणों के अनुसार, उक्त इकाई से निकलने वाली अत्यधिक दुर्गंध से न केवल चोरभट्टी, बल्कि आस-पास के गांव जैसे मटका ताला और जिया कॉलेज क्षेत्र भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत चोरभट्टी की सरपंच रेखा पात्रे और सचिव राजकुमार साहू द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह इकाई बस्ती के करीब स्थापित की गई है, जिससे शेष पेज 12 पर



## राज्य और केंद्र सरकार को कठघरे में शामिल करने आंदोलन

# संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग रोकने कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन कर रही है। जिसके तहत प्रदेश भर के जिलों में संविधान बचाओ रैली कांग्रेस कार्यकर्ता निकाल कर केंद्र की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर रही है।

बेमेतरा जिला मुख्यालय में 31 मई कांग्रेस इस रैली का आयोजित कर रही है। जिसके चलते शुक्रवार  जिला कांग्रेस कमेटी व कांग्रेश के विभिन्न मोर्चा संगठनों की पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में बैठक रखी गई बैठक में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार चाहे केंद्र हो अथवा राज्य की सभी संवैधानिक संस्थाओं को आरएसएस के एजेंडे के अनुसार तोड़ मरोड़ रही है जिससे संवैधानिक ढांचा जहां ध्वस्त हो रहा है ।



**संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोगः** वही संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है ।उन्होंने बैठक में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं बताया कि जिसे लेकर राष्ट्रीय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आम जनता में इस बात को पहुंचाने के लिए 31 मई शनिवार जिला मुख्यालय पर संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें हम सब कांग्रेसि साथियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है , ताकि किस तरह भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दमन किया जा रहा है उसे आम जनता तक घर-घर जाकर पहुंचना है । इसके अलावा उन्होंने बैठक में बताया जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली इस रैली के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़, छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वजसाहू ,रविंद्र चौबे, गुरु रुद्र कुमार, पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से इस रैली में शामिल होंगे ।बैठक में महामंत्री जिला कांग्रेस ललित विश्वकर्मा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लुकेश वर्मा ,जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू , दिनेश कुमार पटेल, टी आर जनार्दन ,मनोज शर्मा ,सनत धर दीवान , जोगिंदर छाबड़ा ,सुनील नामदेव ,दीपक दिनकर , चंद्र कुमार सीतलानी, रश्मि मिश्रा ,रीता पांडे ,रूबी सलूजा, हेमीन यादव, जनता साहू ,शत्रुघ्न साहू , अजय राज सेन, शंकर सिंह चौहान ,वाहिद रवानी, रूप सिंह साहू ,रवि गुप्ता ,राम यदु ,बालक दास, राघवेंद्र मनु, देवशरण पप्पू साहब ,टोकेश्वर साहू , रोमन वर्मा, राहुल जोशी, मोहन वर्मा ,राजू वर्मा , मिर्ची लाल साहू ,गुरेन्द्र वर्मा ,कुमार वर्मा , रामकुमार ठाकुर, देवा गर्ग, सीताराम यदु ,मोहन वर्मा ,कौनन अली, कुंजी लाल दुबे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप




### कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणी पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार कार्यक्रम स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा थे। एसएमएस-3 विभाग के बृजनन्दन राम, दिलीप कुमार, लोचन कुमार ठाकुर, नारायण गौतम, विनय कुमार सिंह तथा गंगाधर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन को सराहा।
इस अवसर पर महाप्रबंधक पुष्पा एमब्रोस, डीएल कुमार, पी सतपथी, एसके मिश्रा व डीके वार्ष्णेय, उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, सोनू चौरसिया और एलसी गुप्ता ने किया।

### बीएसपी को मिलेगा ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड



**भिलाई।** स्वास्थ्य संवर्धन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान संयंत्र को प्रमोशन ऑफ हेल्थकेयर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा।यह राष्ट्रीय पुरस्कार सीएसआर समिट के दौरान 14 जून को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार समिति के जूरी सदस्यों ने संयंत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सीएसआर पहलों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयन किया है। इन पहलों में निरंतरता, प्रभाव और व्यापकता जैसे मापदंडों पर संयंत्र का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 के लिए पुरस्कार घोषणा पत्र कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जीएम शिवराजन, टीए राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एसके कामड़े व उप प्रबंधक केके वर्मा उपस्थित थे।

### युवाओं को दिया लाइट मोटर वाहन प्रशिक्षण

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजनाओं के अंतर्गत रावघाट खदान क्षेत्र के युवाओं के लिए आयोजित लाइट मोटर वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में नवा रायपुर स्थित "इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में आयोजित किया गया। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार औरौ महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट ने क्रियान्वित किया। खोड़गांव पंचायत के अंतर्गत आने वाले अंजरेल, परलाभाट, सुपगांव और खोड़गांव गांवों के पहले शिविर में 30 युवाओं ने भाग लिया।


**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय**
**बेमेतरा, जिला बेमेतरा छ.ग.**
**// शपथ पत्र //**

मैं राजेश उम्र लगभग 53 वर्ष आ. श्री बी.पी. शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी म.नं. 167, वार्ड नं. 08 राममंदिर के पास साजा, तहसील साजा, जिला बेमेतरा, छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश पिता बी.पी. शर्मा अंकित है जो कि मेरा प्रचलित नाम है तथा मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम राजू आ. श्री बी.पी. शर्मा दर्ज हो गया है जो कि मेरा घरेलू नाम है। मैं अपने दोनो प्रकार के नामो से जाना एवं पहचाना जाता हूं।
3. यह कि राजेश एवं राजू, दोनो नाम एक ही व्यक्ति का अर्थात मेरे नाम के लिए प्रयुक्त किये गये नाम है।
4. यह कि मेरे द्वारा न ही असत्य कथन किया गया है और न ही सत्य कथन को छिपाने का प्रयास किया गया है।
5. यह कि यह शपथ पत्र मुझे मेरे प्रचलित नाम राजेश आ. श्री बी.पी.शर्मा नाम से जाने एवं पहचाने जाने पेपर प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**// सत्यापन //**

मैं राजेश उम्र लगभग 53 वर्ष आ. श्री बी.पी. शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी म.नं. 167, वार्ड नं. 08 राममंदिर के पास साजा, तहसील साजा, जिला बेमेतरा, छ.ग. का हूं जो कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रं. 01 से लेकर 05 में लिखे गये कथन मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है।

स्थान : बेमेतरा
दिनांक-28/05/2025
**राजेश कुमार**
**शपथकर्ता**


## यूनियनों ने कहा जीवन स्तर उठाने गंभीर हो प्रबंधन और सरकार

# बीएसपी की बदली तस्वीर, नहीं बदली बाइस हजार ठेका मजदूरों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों को निजी कंपनियों और प्रबंधन की सुस्ती का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के बाद भी मजदूरों और कर्मचारियों के वेतन और सुविधाओं में जमीन आसामान का फर्क है। इसके चलते श्रमिक बदहाली का जीवन गुजार रहे हैं। श्रमिकों के लंबित वेतन समझौता की मांग को लेकर सेल व लोकल प्रबंधन गंभीर है और न ही वह इनका वर्षों से चौतरफा शोषण करने वाले ठेकेदारों पर ही अंकुश लगाने में सक्षम साबित हो रहा है। इससे इस तबके में असंतोष बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूरों की तकदीर बदलने लंबित लंबित समस्याओं का निदान प्रबंधन और सरकार के लिए लाइलाज समस्या बनकर रह गई है। बीएसपी में करीब 22 हजार मजदूर काम कर रहे हैं और पूरे सेल में इनकी तादाद 1 लाख से ऊपर है। इनका बीएसपी सहित सेल को उत्पादन सहित सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंचाने में योगदान नियमित कर्मियों से किसी भी दृष्टि से कमतर नहीं है। उत्पादन व रखरखाव से जुड़े, मेंटेनेंस क्लीनिंग व हाउसकीपिंग सहित स्थाई प्रकृति के तमाम काम करने और बीएसपी तथा इनके सेल का भविष्य होने के बाद भी प्रबंधन बदहाल मेहनतकशों की आर्थिक स्थिति यानी जीवन नियमित कर्मियों की तरह बनाने को लेकर असंवेदनशील बना हुआ है। कई बार आंदोलनों के बाद भी मजदूरों के हिस्से में शोषण से निदान के बजाए महज आश्वासन ही आया है।

### ठंडे बस्ते में वेतन समझौता से बढ़ रहा असंतोष



#### मजदूरों की प्रमुख मांगें

वेतन समझौता जल्द हो। बीएसपी के एस- ग्रेड कर्मचारी के वेतन के बराबर वेतन निर्धारित करें 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए, 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए। श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने और सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए । ठेका प्रारंभ के 1 माह पूर्व मेडिकल किया जाए। ठेके में आईटीआई और 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त कर अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए। ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए और नाइट एलाउंस के साथ साइकिल- कैंटीन भत्ता और हिट तथा डस्ट अलाउंस दिया जाए।वेतन पर्ची,लीव कार्ड और अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दें और मंथली इंसेंटिव और नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बीएसपी स्कूलों में बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित किया जाए।

#### बदहाली से निजात दिलाएं

"अधूरे सेफ्टी उपकरणों, संसाधनों, अल्प वेतन और और जोखिम में काम करने के बाद भी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रबंधन सरकार व श्रम विभाग आश्वासनों से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। मेहनतकशों के योगदान को देखते हुए बदहाली से जल्द निजात दिलाई जाए।

**जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, जीएस सीटू**

#### जल्द हो वेतन समझौता

"हजारों श्रमिक ठेकेदारों के अल्प वेतन पर काम करने मजबूर हैं। छुट्टियों का पैसा काटने के साथ बोनस भी कम देते हैं और सभी भत्तों से वंचित हैं। 4 साल पूर्व एनजेसीएस बैठक में यूनियनों का वेतन समझौता का मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। श्रमिकों के लिए एस-1 ग्रेड के कर्मचारी के बराबर 26 हजार वेतन और अन्य वित्तीय सुविधाओं व बोनस की मांग कर रहे हैं।

**- संजय साहू, अध्यक्ष स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक**

# पूरे देश में एक समान हो परिवहन कानून



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा अपनी ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के निदान के लिए ट्रांसपोर्टरों को एकजुट करने का प्रयास तेज कर दिया है। एसोसिएशन की रामजानकी मंदिर में हुई बैठक में संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत करने के साथ कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में भिलाई व रायपुर के ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

■ छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो की बैठक में कई अहम निर्णय

प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि बैठक में यूनियन को नए सिरे से मजबूत करने पर सहमति ली गई, प्रदेश में जिला वार संगठन बनाने,चेकपोस्टों पर मनमानी वसूली , कुम्हारी टोल नाका पर दबंगई से अवैध वसूली व उड़न दस्ता की मनमानी पर चर्चा हुई। एक नेशन एक इलेक्शन को ध्यान में रखते हुए सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों ने सरकार से मांग की कि परिवहन कानून भी पूरे भारत में एक समान होनी चाहिए । पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार विश्नोई, रणजीत सिंह वालिया महासचिव हरेंद्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी विशेष रुप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन कमल अग्रवाल ने किया। सभी सदस्यों ने ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में हो रहे परेशानियों के निदान का संकल्प लिया।, संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने कहा की उम्मीद करता हूं की सभी लोग इस संगठन को मजबूत करने में अपनी 100% सहभागिता देंगे । सभी ईमानदारी से समर्थन देंगे तो हमारा संगठन पुनः जिंदा हो पाएगा । सभी ने समर्थन दिया कि पूरे प्रदेश में ट्रांसपोर्ट यूनियन का मजबूत संगठन बनना चाहिए। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय बड़े हाथों में जाते हुए दिख रहा है जो छोटे ट्रांसपोर्टर हैं धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं अगर आज के समय में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय बचाने पर ध्यान दिया गया तो छोटे ट्रांसपोर्टर बेरोजगार हो जाएंगे। बैठक में बलजिंदर सिंह कलेर, पंकज सेठी, गोपी अरोरा, अजय डालमिया, जगत राम बावन कुरे, अरुण कुमार बैठा गुरप्रीत सिंग धींगरा, सतीश अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह सैनी, नवीन शर्मा, संजय भारद्वाज, दया सिंह आदि उपस्थित थे।

# बच्चे सीख रहे कला संगीत के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा मिश्रित हायर सेकंडरी स्कूल बीएमवाय चरौदा में बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक शिविर 25 मई से 6 जून तक आयोजित किया जा रहा है। निशुल्क शिविर में वरिष्ठ रंगकर्मियों द्वारा बच्चों व युवाओं की प्रतिभा को तराशा जा रहा है।

■ बीएमवाय चरौदा मिश्रित स्कूल में रेलवे का बीस दिवसीय सांस्कृतिक शिविर



आयोजन रेलवे इंस्टीट्यूट बीएमवाय व मिश्रित हायर सेकंडरी स्कूल की सहभागिता से कार्मिक विभाग द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग की पहलकदमी से आयोजित किया जा रहा है। उदघाटन मुख्य अतिथि प्रसन्ना आर लोध कार्यकारी अध्यक्ष रेलवे इंस्टीट्यूट, विशेष अतिथि डी विजय कुमार मंडल समन्वयक रेलवे मजदूर कांग्रेस ने किया। मुख्य अतिथि ने आयोजन व बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पैरेंट्स बहुत जागरुक है। सही मार्गदर्शन से बच्चे मनचाहे फील्ड में नाम व पैसे दोनों अर्जित कर सकते हैं। शिविर में कला साहित्य अकादमी छग वरिष्ठ कलाकार प्रशिक्षक शक्तिपद चक्रवर्ती,मणिमय मुखर्जी, वरुण चक्रवर्ती, गौतम शील, बबलू बिस्वास, बाली, गौतमी चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, पार्थ चक्रवर्ती, सारथी चक्रवर्ती द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में रेलवे कर्मियों व गैर रेलवे कर्मियों के 75 महिला ,युवाक व बच्चे नृत्य,गायन, नाटक, ड्राइंग पेंटिंग आदि में प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर में रेलवे के फरीदी निसार अहमद, बीडी प्रसाद, बलवंत शर्मा, बाबू राव, केसरी बाग,अतनू मुखर्जी, राबर्ट जोसेफ, प्रीति राज वैद्य, प्राचार्य, डी लक्ष्मी योगदान दे रहे हैं।

## एमआईसी के फैसले के बाद 1500 भूखंडधारियों को 31 मार्च 2026 तक निर्माण करने का समय

# साडा कार्यकाल में रियायती दर पर प्लाट खरीदी पर बनाया नहीं, 1500 लोगों को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पूर्व साडा एवं वर्तमान नगर पालिक निगम भिलाई में 1500 से अधिक भूखण्डों के मालिक है। जिनके द्वारा आवासीय, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसायिक भूखण्ड खरीद कर रखा गया है, उनके द्वारा मकान नहीं बनाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा उन्हे बार-बार नोटिस दिया जा रहा है, मकान बनाने के लिए। जिस समय भूखण्ड आबंटन किया गया था, उस समय रजिस्ट्री में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि 2 वर्ष के अंदर मकान बनाना अनिवार्य रहेगा। जिन्हे मकान एवं दुकान की आवश्यकता थी, उनके द्वारा मकान बना लिया गया है। बहुत से ऐसे नागरिक है, जो इनवेस्टमेंट के नाम पर नगर निगम से भूखण्ड खरीद लिए है, वे मकान नहीं बना रहे है। इसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा भी की जा रही है। उक्त मकानों में बड़े-बड़े पेड़ उग गए है। पड़ोसियों द्वारा कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। सांप बिच्छू निकल रहे हैं। इससे निगम की बहुत क्षति हो रही है।

## पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड संधारण नहीं होने पर बिफरी रिसाली महापौर



**भिलाई।** शिव पारा स्टेशन मरोदा में पाइप लाइन को भूमिगत करने के बाद सड़क मरम्मत नहीं होने पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। मॉर्निंग विजिट के तहत महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था का भी वार्ड 17 पहुंचकर जायजा ली। महापौर शशि शिव पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। महापौर सबसे पहले सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नागरिकों से मुलाकात की। सफाई कर्मी की उपलब्धता और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान नागरिकों और क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने भूमिगत पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में सड़क समतलीकरण नहीं होने की बात को प्रमुखता से रखा।

## ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में बच्चों की निखर रही प्रतिभा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में स्कूली बच्चे खेलों के गुर सीख रहे हैं। टाउनशिप के विभिन्न खेल परिसरों, स्कूल के हॉलों एवं मैदानों में 15 मई से प्रारंभ शिविर में 23 खेलों में 3000 बच्चे भाग ले रहे हैं। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाज़ी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, योग, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक, नेटबॉल और फेंसिंग का 25 खेल परिसरों में अनुभवी और एनआईएस कोच एवं प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिविर क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग के जीएम व ओलंपियन और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद के मार्गदर्शन में चल रहा है। इसमें बच्चे खेलों के साथ अनुशासन और टीम वर्क से काम करने की शिक्षा भी ले रहे हैं। विजय शर्मा बताते है कि 5 जून तक चलने वाले शिविर का उद्देश्य बच्चों को शैक्षणिक वातावरण प्रदान कर उनकी खेल प्रतिभा को विकसित करना है। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 2000 से अधिक बच्चे शिविर में भाग लेकर अपनी कला को तराश रहे है।

पेज 11 के शेष

### नशा मुक्ति प्रशिक्षण कार्यशाला ...

छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान सर्वे के आधार पर मादक पदार्थों का सेवन लगातार बढ़ रहा है। जो हम सब के लिए अत्यंत चिंतनीय है। अतः नशामुक्त समाज हेतु, बच्चों में समस्या समाधान, कौशल, निर्णय लेने की क्षमता, रिश्तों को सम्भालना, न कहने की ताकत, आत्म जागरूकता के विकास हेतु विभिन्न केस स्टडी, स्थितियों के विश्लेषण करने के तरीके एवं उचित व्यवहार करने के तरीके प्रशिक्षण में बताए गये। ताकि बच्चे अपने भविष्य के प्रति सजग रहकर सकारात्मक योगदान देने में सक्षम हो सकें।होने का की कोई छोटा बच्चा जगदीश स्टार्टिंग टेबल में नशा पाल करता है तो वह छूट जाता है। लेकिन धीरे-धीरे सेकंड टेबल और थर्ड लेवल में आता है तो वह नशे में पूरी तरह से घिर जाता है फिर उसे उस नशे को छोड़ने में बहुत कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है।

### मुर्गी दाना के दुर्गंध से ...

स्थानीय निवासियों को सांस लेने में परेशानी, बदबू के कारण उल्टी जैसी स्थिति और मानसून में हालात और अधिक खराब होने की आशंका जताई गई है। विधायक दीपेश साहू ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे कि अविलंब स्थल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि "ग्रामवासियों की सेहत और जीवन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि यह इकाई नियमों के विपरीत या बिना पर्यावरणीय मानकों के स्थापित है तो उसे बंद कराना सुनिश्चित किया जाएगा।"

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस ...

करने वाले व्यक्तियों की जांच, परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही, आयोजित कैम्प का फोटोग्राफ व रिपोर्ट कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।






।। जय देवांगन ।।
।। जय मां परमेश्वरी ।।
।। जय महाजन ।।
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ 01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीत: प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग. (पंजीयन क्र. 2338)

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने कृषक प्रशिक्षण

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमटी में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत 3 दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों और स्वसहायता समूहों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में जीवामृत, बिजामृत और गौमूत्र द्वारा कीट नियंत्रक और अन्य प्राकृतिक तकनीकों का उपयोग तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर विस्तृत चर्चा की गई जो खेती को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण को अनुकूल बनाने में मदद करती है। प्रशिक्षण ले रहे कृषकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब अधिकारियों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा एवं कृषि विभाग के कृषि वैज्ञानिक रोशन साहू, सहायक संचालक कृषि एस. कोरांम , वकृ विअ नवीन खोब्रागड़े, उद्यान अधिकारी एम. वासनिक, मधु साहू और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिव्या चंद्राकर द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, फायदे, रसायन मुक्त खेती, क्राकृतिक उर्वरक, कीटनाशक व पशुधन का उपयोग मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताए गए।

### हवलदार के सूने मकान में चोरी धोखाधड़ी

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत जुनवानी स्थित दीनदयाल ओल्ड कॉलोनी स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। मकान इंडियन आर्मी में हवलदार नंदसेन मेश्राम का बताया गया है। पुलिस ने बताया कि नंदसेन को पोस्टिंग सूरतगढ़ राजस्थान में है। वह पूरे परिवार के साथ दिल्ली से सूरतगढ़ चला गया था। महीनेभर बाद लौटा तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अंदर से 4 जोड़ी चांदी के पायल, सोने का लॉकेट, मंगलसूत्र, चेन, टॉप्स, बिछिया, लोहे का झूला, कूलर का मोटर गायब थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत 98,500 रुपए आंकी गई है। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### जिम ट्रेनर ने लगाई फांसी कमरे में मिली लाश

**भिलाई।** एक जिम ट्रेनर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम विकास धनी (30 वर्ष) बताया गया है। बताया जाता है कि मृतक पिछले 4 साल से एक युवती के साथ लिव इन में रह रहा था। युवती एक महीने पहले ही असम चली गई। इससे विकास काफी व्यथित था। बहरहाल स्मृतिनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। विकास अपने माता पिता से अलग रहता था। आरके फिटनेस सेंटर में बतौर ट्रेनर काम करता था। आखिरी बार 26 मई का रात उसने अपने पापा से बात की थी। घटना के बाद परिजन मृतक के जुनवानी स्थित चौहान टाउन फ्लैट में पहुंचे। अंदर किसी तरह देखा तो पता चला कि युवक ने खुदकुशी कर ली है। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** भिलाई के नंदिनी रोड छावनी चौक के पास आधी रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर घरवालों का आरोप है कि किसी ने मृतक गुलशन को जानबूझकर ठोकर मारी है और यह हिट एंड रन का मामला है। घरवालों ने कहा कि इस हादसे के बाद बाइक की स्थिति देखकर सड़क दुर्घटना की बात सही नहीं लगती। इधर जामुल पुलिस ने रात में ही शव को सुपेला अस्पताल के मर्चुरी भेजा। बहरहाल मामले में जांच की जा रही है।

### दो किशोरियां लापता अपहरण का केस दर्ज

**भिलाई।** पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत इंदिरा नगर पोटियाकला से लगभग 13 वर्ष की दो नाबालिग लापता हैं। दोनों 27 मई को शाम 6:30 बजे घर से निकली थी। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने मामले की शिकायत पद्मनाभपुर पुलिस से की है। शिकायत में कहा गया है कि दोनों लड़कियां रिश्ते में चचेरी बहनें हैं। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति उन्हें बहलाकर ले गया है।

---

### मनरेगा संचालित कार्यों का सतत भ्रमण कर श्रमिकों को महत्व की जानकारी दी जा रही

# समाधान शिविर में जल संरक्षण की दिलाई शपथ और पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन द्वारा किए गए जल सर्वेक्षण में बेमेतरा जिले को भूजल की स्थित मे जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलेभर में जल संरक्षण संबंधी विविध गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। गांव-गांव जाकर लोगों को जल संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा जल शपथ दिलाई जा रही है। मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों का सतत भ्रमण कर श्रमिकों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी जा रही है और उन्हें जल शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही दीवार लेखन, मुनादी एवं विभिन्न शिविरों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले के जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन उत्सव के अंतर्गत भी प्रत्येक आयोजन में ग्रामीणों को जल बचाने एवं सुरक्षित करने की शपथ दिलाई जा रही है।इसी क्रम में विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत कुरलूं में आज 30 मई को अंतिम




समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री ईश्वर साहू द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त ग्रामीणों को जल की एक-एक बूंद बचाने, जल को संरक्षित करने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए शपथ दिलाई गई। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को वर्षा जल के संरक्षण हेतु प्रेरित किया एवं वर्षा ऋतु के आगमन पर बाड़ी, तालाब, शासकीय भवन, सड़क किनारे एवं अन्य रिक्त स्थानों में पौधारोपण करने का आव्हान किया। उन्होंने केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाने का संदेश दिया।

तत्पश्चात सभी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने पूर्ण सहमति व्यक्त करते हुए जल बचाने एवं अधिकाधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

#### शिविर में विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

इस समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई तथा संबंधित विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। विधायक श्री ईश्वर साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे भविष्य में भी प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराएं। कुर्लू ग्राम में आयोजित इस समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, पेंशन एवं निर्माण कार्यों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया।

सभी विभागों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष रखी गई। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य अनिल वर्मा,जनपद उपाध्यक्ष नारद वर्मा सहित सभी दस ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में साजा जनपद के सीईओ संतोष घोषले, अनुविभागीय अधिकारी हंसराज साहू, कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कश्यप सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। समाधान शिविर के माध्यम से जल संरक्षण एवं सुशासन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया, जिससे ग्रामीणों में जल के प्रति संवेदनशीलता एवं सहभागिता और अधिक सुदृढ़ हुई है।

---

# शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए यामिनी बर्मन को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला घठोली विकासखंड नवागढ़ की नवाचारी शिक्षिका यामिनी बर्मन को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान और सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह से नवाचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा सम्मानित किया गया। यह समूह भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र तथा देश का सबसे बड़ा नवाचारी शिक्षक समूह है। यह सम्मान शिक्षिका को उनके नवाचारी गतिविधि, गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए विषयगत कार्य एवं नवाचार, पाठ्य सहगामी गतिविधियों की आवश्यकता एवं महत्व, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में अपने राज्य की ओर से प्रस्तुति पर दिया गया। नवाचारी शिक्षिका यामिनी बर्मन ने खेल आधारित, प्रयोजना आधारित, थीम आधारित, योग शिक्षा, नवाजतन 6C विकास हेतु खिलौना निर्माण, रचनात्मक लेखन के अवसर सेल्फी विद सक्सेस, अंगना में शिक्षा, माता उन्मुखीकरण प्रिंट, गली मोहल्ला, समावेशी शिक्षा, बहु भाषा शिक्षण, पालक संपर्क कबाड़ से जुगाड़, शाला सुरक्षा योजना, नैतिक शिक्षा, कहानी सप्ताह, दीवाल पत्रिका टेक्नोलॉजी 21वीं सदी के कौशल चित्र कला, नृत्य कला, स्मार्ट क्लास, गणित, अंग्रेजी, विकास में उत्कृष्ट कार्य आर्ट एंड क्राफ्ट, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान कोरोना जागरूकता एवं राष्ट्र के शैक्षिक विकास में योगदान के क्षेत्र में नवाचार किया। राष्ट्र के शैक्षिक विकास में इनके नवाचार को विशेष स्थान मिला।

---

# यूनिटी फाउंडेशन ने पहाड़ी महिलाओं को किया सम्मानित, पर्यटन बहाली का लिया संकल्प

**बेमेतरा।** पूर्व घोषित अभियान के तहत युनिटी फाउंडेशन और अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ,युवाओं समाज सेवियों के समूह को लेकर कन्या कुमारी से लेकर लेह लद्दाख की यात्रा पर है।

शुक्रवार सुबह भारत चाइना बॉर्डर के पास स्थित अंतिम गांव चितकुल पहुंचा जहां स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर अपने यात्रा के उद्देश्यों को बताया यूनिटी फाउंडेशन के संस्थापक के एसआर मूर्ति और डॉ. सौरभ निर्वाणी ने स्थानीय समुदाय की पहाड़ी महिलाओं को स्मृति किट भेंट किया जिसमें एक छाता, शैक्षणिक सामग्री, टीशर्ट लंच बॉक्स और वाटर बैग शामिल है। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने बताया कि यूनिटी ड्राइव का उद्देश्य घाटी में पर्यटन को फिर से बहाल करने के लिए देश वासियों को प्रोत्साहित करना है



ताकि आतंक के सौदागरों के मंसूबे कभी सफल ना हो सके। शारदा पीठ की सनातन परंपरा की यह धरा भरता का अखंड हिस्सा है। इस दौरान यूनिटी ड्राइव के सह संस्थापक वामसी आंदुकारी, सुरेश जगवानी, अजय ठाकुर, रितेश साहू, राजू चौहान, देवा मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होने आए सहयात्रियों की उपस्थिति रही। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने बयान जारी करते हुए यह भी बताया है कि महिला शासक्तिकरण, सड़क सुरक्षा और सायबर जागरूकता के लिए यह अभियान समर्पित है गुजरने वाले राज्यों के स्थानीय लोगों से मिलकर इससे संबंधित लिटरेचर और भेंट उन्हें देते हुए अखंड भारत के एकरूपता का संकल्प दिलाते है, सड़क मार्ग से चल रही यह यात्रा कल लद्दाख पहुंच जाएगी। विदित हो विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने यूनिटी ड्राइव के पोस्टर का विमोचन अपने शासकीय आवास में करते हुए यात्रा में शामिल युवाओं और संतों को शुभकामनाएं दी थी।

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया तो की मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लक्ष्मी नगर सुपेला में नशे के लिए पैसा नहीं देने पर साथी से मारपीट कर दी। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि रूपेश बिन्द्रोकर उम्र 30 वर्ष 7 अक्टूबर 2024 को शराब दुकान लक्ष्मी मार्केट सुपेला से शराब खरीदकर पी रहा था। तभी मोनू अपने अन्य एक साथी के साथ आया। मुझे भी शराब पीना है पैसा दे बोला। मना करने पर मोनू एवं उसके साथी ने प्रार्थी से गाली गुफ्तार करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। विरोध करने पर सब्जी काटने वाला चाकू दिखाने लगे। बाद में आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर खोजबीन शुरू की। गुरुवार को आरोपी मोनू चौहान उम्र 26 साल और उसके साथी छोटू वानखेड़े निवासी शंकर पारा सुपेला को पकड़ा। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# गुरु अर्जुनदेव शहीदी पर्व पर मीठा पानी और प्रसाद बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व के अवसर पर शुक्रवार को सिख समाज बेमेतरा द्वारा गुरु गोबिंद सिंह चौक में छबील सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राहगीरों को मीठा ठंडा जल और चने का प्रसाद वितरित किया गया।

इस सेवा आयोजन के पूर्व बीते 40 दिनों से गुरुद्वारा साहिब में प्रतिदिन सायंकाल स्त्री सत्संगत द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ किया जा रहा था। उसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए शहीदी पर्व के दिन श्रद्धा और समर्पण के साथ छबील लगाई गई। समाज के बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर सेवा करते हुए गुरु परंपरा के आदर्शों को आत्मसात किया। छबील सेवा में सिख समाज के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला, बलवंत सिंह गुंबर, अनिल छाबड़ा, मंजीत सिंह



सलूजा, पप्पू सलूजा, दिलीप सलूजा, मिंटू चावला, निलेश सलूजा, अशोक सलूजा, इंदर दत्ता, जोगेंद्र छाबड़ा, पुष्पराज गुंबर, प्रीतपाल छाबड़ा, दिलीप गुंबर, जगजीत सिंह टिंकू दत्ता, प्रितपाल चावला एवं हरजीत सिंह खनूजा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। स्त्री सत्संग से लक्ष्मी सलूजा, इंद्रजीत कौर सलूजा, रानी दत्ता, बबली हुरा, इंदु सलूजा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक सेवा में भाग लिया। सेवा कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद रोशन दत्ता, विकास तंबोली, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, शत्रुघ्न साहू, सिंधी समाज के मुखी लालू मोटवानी और उनके पदाधिकारियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त राम रसोई संस्था की टीम ने भी सेवा में भाग लेकर सहयोग प्रदान किया।गुरु अर्जुन देव के बलिदान दिवस पर आयोजित यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए सेवा, त्याग और भाईचारे की प्रेरणा बना।

---

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देने वाले दो और गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने बंगाली घुसपैठियों की धरपकड़ तेज कर दी है। घुसपैठियों की मदद करने वालों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ऐसे ही दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में अभय पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 30 वर्ष पता डोंगरे कॉलोनी सत्संग मंदिर के पीछे भिलाई 3 चरोदा से गिरफ्तार किया गया। वह मूल रूप से नौदर थाना मोहरगंज जिला चंदौली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वहीं शशि पति सतीश उपाध्याय उम्र 63 वर्ष को जयंती नगर उरला से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि शशि के मकान में दो बांग्लादेश की लड़कियां अवैध रूप से आकर रुकी हुई थीं। उन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके विरुद्ध विदेशी विषयक अधिनियम 1946 की धारा 14 एवं पासपोर्ट भारत में प्रवेश अधिनियम 1920 की धारा 3 एवं पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12 एवं जोड़ने धारा 249(3),61(ख) बीएनएस 2023 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बांग्लादेशी होने का आरोप सपना मंडल उर्फ सपना नूर उर्फ सपना शर्मा पति अभय शर्मा उम्र 31 वर्ष और रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम पर लगाया गया है। सपना बाघा जोतिन जाधवपुर पश्चिम बंगाल जोबरहाट दिनाजपुर बांग्लादेश हाल शशि उपाध्याय का मकान में रहना बताया गया है।

# अहिल्या बाई की जयंती पर स्वच्छता दीदियों का सम्मान

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ में शुक्रवार को मराठा वीरांगना देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासन के निर्देश पर आयोजित इस विशेष दिवस में स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उन्हें सामाजिक योगदान के लिए प्रेरित किया गया। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्वच्छता दीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न वार्डों में कार्यरत सभी स्वच्छता कर्मी शामिल हुईं। कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कर्मियों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई।

जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत कुमार लोनहारे सहित पार्षद संतोष ताम्रकार (वार्ड क्र. 04), पार्षद उमेश बोयरे (वार्ड क्र. 13) अजय सिंह पैकरा, लेखापाल महीतोष शर्मा, पीआईयू प्रभारी श्रीश तिवारी, सफाई दरोगा प्रवीण बोयरे एवं अमर तिवारी सहित निकाय के अन्य



अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर महीतोष शर्मा ने देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय, लोककल्याण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणा हैं। स्वच्छता दीदियाँ भी उसी भावना के साथ समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने का कार्य कर रही हैं, उन्होंने कहा। कार्यक्रम के अंत में नगर के प्रमुख स्थलों पर सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने मिलकर श्रम सेवा दी। साथ ही मेडिकल यूनिट के माध्यम से सभी स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। नगर पंचायत नवागढ़ का यह आयोजन स्वच्छता, सेवा और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने वाला रहा, जिसमें समाज के सबसे महत्वपूर्ण परंतु अक्सर उपेक्षित वर्ग—स्वच्छता कर्मियों—को उनके योगदान के लिए सार्वजनिक रूप से सराहा गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला 6 साल बाद रायपुर से गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा लेने के बाद उससे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने वाले को भिलाईनगर पुलिस ने 6 साल बाद गिरफ्तार किया। आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। भिलाईनगर पुलिस ने उसके विरुद्ध वर्ष 2019 में अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने



बताया कि पीड़िता के पिता ने मामले की शिकायत 8 अगस्त 2019 को भिलाई नगर थाने में की थी। उसकी नाबालिक बेटी को 6 अगस्त को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया। काल डिटेल के आधार पर उक्त नाबालिग लड़की की निरंतर पतासाजी की। 27 सितंबर 2019 को लड़की मिल गई, लेकिन आरोपी हर्ष दुबे फरार था। पुलिस ने प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि. 3, 4 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

---

### मोर गांव-मोर पानी : जल संरक्षण की ओर सार्थक

# शहर की तरह गांव में बनेगा रैन वाटर हार्वेस्टिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की तरह अब गांव के मकानों में भी रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य होगा। हितग्राहियों के खर्चे पर निर्माण कराने जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाएगा। जिसे मोर गांव, मोर पानी महाअभियान का नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिसे "एकेच गोठ, एकेच बानी ''बूंद-बूंद बचाबो पानी" का नाम दिया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में यह अभियान गांव-गांव में सक्रियता से संचालित किया जा रहा है।पाटन विकासखंड के ग्राम भरर में समाधान शिविर के दौरान मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, महिला स्व-सहायता समूहों और मनरेगा श्रमिकों ने जल संरक्षण एवं उसके संवर्धन की जिम्मेदारी ली। जनपद पंचायत पाटन में "जल है तो कल है" के नारों के साथ ग्रामीणों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया और जल बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य केवल जल को बचाना नहीं, बल्कि समाज में जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत विकसित करना और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को बढ़ावा देना भी है।

कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संचयन के महत्व को समझाया गया और भूजल स्तर में गिरावट को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों को मानसून से पहले और बाद में भूजल स्तर की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही वृक्षारोपण, भूजल दोहन में कमी और समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित कर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### दो बच्चे कार की ठोकर से घायल

**भिलाई।** सेक्टर-2 स्थित राजेश पटेल स्पोर्ट्स परिसर में फुटबाल खेलकर लौट रहे दो बच्चों को लापरवाह कार चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में 10 साल की बच्ची अंशिका गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दूसरा बच्चा हंस भी घायल हो गया। हादसे के बाद दोनों बच्चों को सुपेला के शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को बीएम शाह अस्पताल रेफर किया गया।




